सं०सं०–2/पेन–130/2020–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शैलेश कुमार
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2025

**विषय :** **डा० हरि शंकर प्रसाद श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के पेंशन/उपदान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महाशय

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध मे कहना है कि डा० हरि शकर प्रसाद श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना को समादेश याचिका सख्या–14619/2021 मे दिनाक–23.02.2024 को पारित आदेश के अनुपालन मे डा० श्रीवास्तव के विरुद्ध विभागीय अधिसूचना सख्या–153(9), दिनांक–22.02.2021 द्वारा उपदान सहित शत प्रतिशत पेशन की राशि जब्त करने की अधिरोपित एव संसूचित शस्ति को विभागीय अधिसूचना सख्या–1201(9) दिनांक–28.11.2024 द्वारा निरस्त करते हुए आरोप मुक्त किया गया है।

अतः उक्त के आलोक मे डा० हरि शकर प्रसाद श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के दिनाक–31.01.2011 को सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप इन्हे अनुमान्य पेशन/उपदान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**(2)** उक्त आदेश इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी ।

**(3)** इस पत्र के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक सलग्न है :–

(i) पेशन प्रपत्र दो प्रति में
(ii) संयुक्त फोटो
(iii) हस्ताक्षर का नमूना
(iv) पारिवारिक सदस्यों की सूची
(v) विभागीय बकाया रहित प्रमाण–पत्र
(vi) सेवा विवरणी
(vii) वेतन पूर्जा
(viii) दीर्घकालीन बाकी/बेबाकी प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु आवेदन पत्र
(ix) आवासीय बकाया रहित निर्गत करने हेतु आवेदन पत्र।
(x) विभागीय अधिसूचना संख्या–1201(9) दिनांक–28.11.2024 की प्रति

**(4)** अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सबध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए ।

विश्वासभाजन,

**ह0/–**

**(शैलेश कुमार)**

**सरकार के विशेष सचिव**

**ज्ञापांक–2/पेन–130/2020–** 627(2) **पटना, दिनांक** 22/4 **/ 2025**

**प्रतिलिपि :** लेखा शाखा, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/डा० हरि शंकर प्रसाद श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना पत्राचार का पता–ग्राम/मोहल्ला–माधोपुर तनसरिया, पो०–माधोपुर तनसरिया, थाना–तुरकौलिया, जिला–पूर्वी चम्पारण (बिहार), पिनकोड–845437 को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** प्रशाखा पदाधिकार–03, 09 एद 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सरकार के विशेष सचिव।**